RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार, 15 नवंबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 180 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# तीरकमान मुद्दे पर हाईकोर्ट का सवाल...!

## पूछा- EC के फैसले का इंतजार क्यों ना किया जाए?

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में शिवसेना में हुए विद्रोह के बाद शुरू हुआ राजनीतिक घमासान अब तक थमा नहीं है। दो धड़ों में बंटी शिवसेना अब चुनाव निशाना 'तीरकमान' को लेकर एक दूसरे के सामने है। फिलहाल मामला चुनाव आयोग के पाले में है। हालांकि अंधेरी उपचुनाव और निकाय चुनावों को देखते हुए चुनाव आयोग ने पार्टी के दोनों धड़ों को अस्थायी रूप से नया नाम और नया चुनाव निशान जारी किया था। वहीं, उद्धव ठाकरे गुट ने दिल्ली हाईकोर्ट में तीरकमान वाले चुनाव निशान पर अपना दावा करते हुए एक याचिका दाखिल कर रखी है। जिसपर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि इस मामले में उसे चुनाव आयोग के अंतिम निर्णय का



इंतजार क्यों नहीं करना चाहिए?

गौरतलब है कि सोमवार को शिवसेना के नाम और चुनाव चिन्ह पर रोक लगाने के चुनाव आयोग के अंतरिम आदेश के खिलाफ महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की याचिका पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने सुनवाई की। इस दौरान, अदालत ने पूछा कि उसे पार्टी गुटों के बीच विवाद पर पोल पैनल के अंतिम फैसले का इंतजार क्यों नहीं करना चाहिए।

अदालत ने कहा कि पहले का चुनाव आयोग का आदेश उपचुनाव के उद्देश्य से था। वह कोई अंतिम निर्णय नहीं है? जब उपचुनाव पहले ही हो चुके हैं, ऐसे में अंतरिम आदेश का अब कोई अस्तित्व ही नहीं बचता। ऐसे में अदालत को चुनाव आयोग का अंतिम विचार का इंतजार क्यों नहीं करना चाहिए?ह्व सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कहा कि अदालत चुनाव आयोग से समयबद्ध तरीके से 'धनुष और तीर' चिन्ह आवंटित करने के मुद्दे पर फैसला करने के लिए कहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों गुट चुनाव आयोग के समक्ष अपनी दलील रख सकते हैं। वहीं, इस पर चुनाव आयोग की ओर से पेश वकील सिद्धांत कुमार ने तर्क दिया कि आयोग एक संवैधानिक निकाय है और किसी निर्णय पर पहुंचने के लिए एक विशिष्ट समयरेखा निर्देशित नहीं की जा सकती है। फिलहाल अदालत ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 15 नवंबर को सूचीबद्ध किया है। साथ ही सभी पक्षों से सबमिशन का एक संक्षिप्त नोट दाखिल करने को कहा है।

# दिनदहाड़े फायरिंग...

## बैलगाड़ी की दौड़ के दौरान 2 गुटों में झड़प, सड़क पर बरसाई कई राउंड गोलियां

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के अंबरनाथ में सड़क पर दिनदहाड़े अंधाधुंध फायरिंग की घटना सामने आई। शुरूआती जांच में पता चला है कि बैलगाड़ी की दौड़ को लेकर दो गुटों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हुई। इसके बाद करीब 15-20 राउंड फायरिंग की गई। इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं मिली है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। क्लिप में दिख रहा है कि कुछ लोग सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों के आसपास खड़े हैं, तभी अपोजिट साइड से उन पर अचानक गोलियां चलाई जाती हैं।



इस दौरान सड़क पर अफरातफरी का माहौल बन गया। जैसे-जैसे गोलियां चलती रहीं, कुछ लोगों कवर के लिए गाड़ियों के पीछे भागते हैं, जबकि अन्य खड़ी कारों के पीछे छिपने की कोशिश करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना ठाणे जिले के अंबरनाथ में बैलगाड़ी दौड़ के दौरान हुई, जब दो व्यक्तियों पनवेल के पंढरीशेठ फड़के और कल्याण के राहुल पाटिल के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद, दोनों के गुटों में लड़ाई शुरू हो गई। इस दौरान एक ग्रुप ने दूसरे पर अचानक गोलियां चला दीं। राहुल पाटिल का आरोप है कि फड़के के समर्थकों ने उसकी गाड़ी में तोड़फोड़ भी की। घटना की सुचना मिलते ही शिवाजीनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक लोग वहां से निकल चुके थे, लेकिन कुछ ही देर में राहुल पाटिल के समर्थक मौके पर जमा हो गए। इससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

# नवी मुंबई में दो समूहों ने एक-दूसरे पर बरसाई लाठियां, किया लोहे की रॉड से हमला

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई में दो समूहों के बीच पुरानी रंजिश के चलते हुई झड़प में 30 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे घणसोली में हुई. कोपरखैरने थाने के वरिष्ठ निरीक्षक अजय भोसले ने कहा, ''दोनों समूहों के सदस्यों ने पुरानी दुश्मनी को लेकर एक-दूसरे पर लाठियों, लोहे की छड़ों और अन्य हथियारों से हमला किया. ''उन्होंने कहा, ''नजीर शेख नाम के एक व्यक्ति की मौत हो गई और दोनों पक्षों के दो-दो लोग घायल हुए हैं. उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. दोनों समूहों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है,



जिसके आधार पर पुलिस ने उनके खिलाफ दंगा, हत्या, हत्या के प्रयास और अन्य आरोपों में मामले दर्ज किए हैं.''उन्होंने कहा कि पुलिस ने दोनों समूहों के एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और मामले की जांच जारी है.

### इससे पहले मुंबई से आया था आपसी रंजिश का मामला

इससे पहले मुंबई से आपसी रंजिश का एक ऐसा ही मामला सामने आया था. यहां अचानक फायरिंग की घटना से हड़कंप मच गया था. फायरिंग की इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई थी. जबकि तीन लोग जख्मी हुए थे. गोलीबारी की ये घटना आपसी विवाद में हुई थी. मुंबई के कांदिवली इलाके में बाइक पर सवार होकर दो युवक आए थे और उन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी.

### पुरानी रंजिश में की थी गोलीबारी

पुलिस ने फायरिंग घटना को आपसी विवाद का मामला बताया था. पुलिस के मुताबिक आपसी पुरानी रंजिश में ये घटना हुई थी. फायरिंग की घटना में एक शख्स की मौत हुई थी. गोली चलाने वाले लोग और इस घटना में पीड़ित शख्स एक दूसरे को पहले से जानते थे. प्रारंभिक जांच में पता चला था कि आरोपियों ने ताबड़तोड़ चार राउंड फायरिंग की थी.



## संपादकीय / लेख



# घटती महंगाई

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

यह सुखद है कि 19 महीने के बाद थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई है और यह अक्तूबर महीने में घटकर 8.39 पर आ गई है। खुदरा महंगाई दर में भी कमी का रुख उत्साहवर्द्धक है। गौर करने की बात है, लगभग पिछले साल से ही महंगाई बढ़ती चली आ रही थी, बार-बार चिंता जताई जा रही थी और भारतीय रिजर्व बैंक ने भी मौद्रिक नीति में समय-समय पर बदलाव किए हैं, अब परिणाम सामने हैं। इससे पहले मार्च, 2021 में महंगाई दर 7.89 प्रतिशत पर थी, आगामी महीनों में महंगाई दर के और घटने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था और अधिकतर लोगों के हित में यह जरूरी है कि महंगाई न केवल कम हो, बल्कि छह प्रतिशत के आसपास रहे। आमतौर पर दो प्रतिशत से छह प्रतिशत की महंगाई दर होनी चाहिए, उससे ऊपर जब दर चढ़ती है, तो न केवल आम लोगों, बल्कि उद्योग-धंधों को भी मुश्किल में डालती है। अब चूंकि थोक महंगाई दर दो अंकों से नीचे आई है, तो यह आशा बलवती हुई है कि आने वाले महीनों में राहत महसूस होगी।

वैसे थोक मुद्रास्फीति दर में लगभग पांच अंकों का अंतर एक महीने के समय में ही आया है, तो आश्चर्य भी होता है। खनिज तेल, धातु, फ्रैबिकेटेडेट धातु उत्पाद, अन्य गैर-धातु खनिज उत्पाद के दाम घटने से अक्तूबर, 2022 में थोक मुद्रास्फीति घटी बताई जा रही है। अक्तूबर महीने में सब्जियों की मुद्रास्फीति 17.61 प्रतिशत रही है, जबकि उसके पिछले महीने यह 39.66 प्रतिशत पर थी। ईंधन और बिजली में भी महंगाई दर 23.17 प्रतिशत रही है। मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की महंगाई दर ही कुछ कम 4.42 प्रतिशत दर्ज हुई है। विशेष रूप से सब्जियों के भाव आम लोगों को ज्यादा चुभ रहे हैं और इसलिए थोक महंगाई के आंकड़े देखकर कोई आम आदमी सवाल उठा सकता है। आम आदमी के बजट को बिगाड़ने के लिए रसोई और ईंधन पर्याप्त हैं। हाल ही में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह उम्मीद जताई थी कि अक्तूबर में मुद्रास्फीति की दर सात प्रतिशत से कम रहेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका, क्योंकि मोटे तौर पर सब्जियों और ईंधन के भाव साथ नहीं दे रहे हैं। बताया जाता है, पिछले छह या सात महीनों में भारतीय रिजर्व बैंक व सरकार, दोनों ने ही मुद्रास्फीति को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

आरबीआई गवर्नर के मुताबिक, केंद्रीय बैंक ने अपनी ओर से ब्याज दरों में वृद्धि की है, जबकि सरकार की तरफ से आपूर्ति पक्ष से जुड़े कई कदम उठाए गए हैं। फिर भी कसर रह ही जा रही है। भारत की खुदरा मुद्रास्फीति, जिसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापा जाता है, अक्तूबर महीने में तीन महीने के निचले स्तर 6.77 प्रतिशत पर आ गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकडे. उत्साहजनक हैं। सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर 7.41 फीसदी थी। तीन महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंचने के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने में भी रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत की ऊपरी सीमा के पार बना हुआ है। सरकार ने रिजर्व बैंक को कह रखा है कि 2026 तक खत्म होने वाली पांच वर्षीय अवधि में महंगाई दर को दो से चार प्रतिशत तक रखना है। हालांकि, यह लक्ष्य पाना आसान नहीं है। महंगाई घटाने के लिए अनेक मोर्चों पर कदम उठाने व कड़े फैसले लेने की जरूरत पड़ेगी। उत्पादन पर ध्यान देना जितना जरूरी है, उससे कहीं ज्यादा जरूरी है आपूर्ति को आसान बनाना, ताकि कीमतों को आबादी के अनुरूप घटाया जा सके।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# ट्रेनों में पिछले कुछ समय से छिनैती और चोरी की वारदात बढ़ने से यात्रियों में दहशत...!

**मुंबई :** लंबी दूरी की ट्रेनों में पिछले कुछ समय से छिनैती और चोरी की वारदात बढ़ने से यात्रियों में दहशत बनी हुई है। छिनैती करनेवाले बेखौफ होकर यात्रियों पर हमला कर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इस छिनैती के चक्कर में लूटपाट गैंग जान तक छीनने से गुरेज नहीं कर रहा है। दरअसल पिछले सप्ताह पवन एक्सप्रेस में ऐसी ही एक लूटपाट की घटना घटी, जिसमें यात्रियों की जान जाते-जाते बच गई। इस तरह की घटना से लंबी दूरी के यात्री हलाकान हो चुके हैं लेकिन रेलवे इस तरह की घटनाओं पर मौन साधे हुए है, जिससे यात्रियों में नाराजगी बढ़ गई है। जानकारी के मुताबिक अंधेरी पूर्व के गौतम नगर में रहनेवाली बेबी अनिल झा ७ नवंबर की रात तकरीबन डेढ़ बजे अपने बेटे के साथ पवन एक्सप्रेस से लोकमान्य तिलक टर्मिनस की तरफ आ रही थी। इस बीच ट्रेन आउटर पर खड़ी थी। उसी समय उतरने के लिए उनका बेटा सामान को दरवाजे के




पास रख रहा था, जबकि उसकी मां सामान की देख-रेख कर रही थी। तभी अचानक एक युवक ने महिला के हाथ पर हमला कर पर्स खींचना शुरू किया लेकिन महिला द्वारा विरोध करने पर पर्स की रस्सी चाकू से काटकर चोर फरार हो गया। हालांकि इस छीना-झपटी में महिला ट्रेन से नीचे गिर गई।

मां को ट्रेन से नीचे गिरते देख उसका बेटा भी हमलावर लुटेरे को पकड़ने के लिए दौड़ा। आरोपी को पकड़ा भी लेकिन लुटेरा उस पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। इस कोशिश में बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके चलते दोनों मां और बेटे बुरी तरह से जख्मी हो गए और उनके पैर फ्रैक्चर हो गए। घायलावस्था में दोनों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में कुर्ला जीआरपी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की है। अनिल झा ने बताया कि उनकी पत्नी के पर्स में चार लाख रुपए से ज्यादा के गहने, नकद और मोबाइल था। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।

लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से आरपीएफ के जवान ट्रेन में तैनात किए जाते हैं, जो यात्रा की शुरूआत से लेकर सफर के आखिरी पड़ाव तक ट्रेन में रहते हैं। इसके बावजूद रात डेढ़ बजे कैसे इस घटना को अंजाम दिया गया? इस तरह की घटनाएं यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से कई सवाल खड़े करती हैं। इसके पहले भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है। इसके बावजूद सुरक्षा को लेकर कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है।

# कैंसर मरीजों के लिए एक राहत भरी खबर...



**मुंबई :** कैंसर मरीजों के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। वैज्ञानिकों ने अपने ज्ञान के भंडार से कैंसर के इलाज को लेकर एक नई तकनीक की खोज की है। जीन एडिटिंग नामक ये तकनीक कैंसर की काल बनेगी। इससे मरीजों का इलाज आसानी से किया जा सकेगा। बताया गया है कि यह तकनीक कीमो और रेडियोथेरेपी से बिल्कुल अलग होगा। फिलहाल अभी यह ट्रायल में है।

देश सहित दुनिया भर में लाखों लोग कैंसर से पीड़ित हैं। कैंसर के उपचार जितने प्रभावी होते हैं, वे उतने ही दर्दनाक भी होते हैं। शायद ही किसी व्यक्ति को पहले चरण के कैंसर का पता चलता है। अधिकांश मामलों में कैंसर एडवांस स्टेज में पहुंच गया होता है और इसके बाद ही मरीजों में लक्षण दिखाई देने शुरू होते हैं। इस जानलेवा बीमारी का ठोस इलाज खोजने की वैज्ञानिक लगातार कोशिश करते रहे हैं।

# पांच वर्षों में 819 जवानों ने की खुदकुशी...!




**मुंबई :** भारतीय सेना के जल, थल और वायु सेना में तैनात जवान टेंशन में मानसिक तनाव झेल रहे हैं। आला अधिकारियों की फटकार तो कभी पारिवारिक कलह की पीड़ा से परेशान जवान आत्महत्या की दहलीज पर पहुंच जाते हैं। ऐसी ही एक घटना में कल भारतीय नौसेना के एक २५ वर्षीय जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में भारतीय नौसेना ने विभागीय जांच के आदेश दिए हैं, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। भारतीय नौसेना के मुताबिक जवान घरेलू हिंसा से परेशान था। आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले पांच वर्षों में अन्य कारणों से तनाव में आकर ८१९ जवानों ने खुदकुशी की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय नौसेना मृतक का नाम हैप्पी सिंह तोमर है। अधिकारियों के मुताबिक जब वे घटना पर पहुंचे तो जवान मृत पड़ा हुआ था। उसकी रायफल बगल में पड़ी हुई थी। इसके बाद कोलाबा पुलिस को मामले की सूचना दी गई। सरकार के उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक पिछले पांच सालों में सशस्त्र बलों के कुल ८१९ जवानों ने आत्महत्या की है। सेना ने अधिकतम ६४२ ऐसे मामले दर्ज किए हैं। राज्यसभा में एक लिखित प्रश्न के जवाब में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि भारतीय वायुसेना ने इस अवधि में १४८ मामले दर्ज किए हैं, जबकि भारतीय नौसेना में यह संख्या २९ थी। रक्षा राज्य मंत्री ने पिछले पांच सालों में आत्महत्या करनेवाले सैनिकों-पूर्व सैनिकों की संख्या को लेकर पूछे गए सवाल पर यह जवाब दिया था।

# मजदूर बन रहे गोल्ड स्मगलर



**मुंबई :** सोने के तस्करों के लिए मुंबई शहर पसंदीदा जगह बनता जा रहा है। शायद यही कारण है कि बड़ी संख्या में यहां चोरी-छिपे सोना लाने के मामले पकड़े जाते हैं। मुंबई एयरपोर्ट की बात करें तो यहां दुबई, शारजहां, ओमान सहित अन्य खाड़ी देशों से सीधी फ्लाइट्स आती-जाती हैं। इन हवाई जहाजों में ये लोग सस्ता सोना लेकर तस्करी करने आते हैं। सोना लाने के लिए वैश्चरियर बने व्यक्ति अधिकतर मजदूरी पर कामकाज के लिए खाड़ी देशों में गए मजदूर हैं। ये मजदूर गोल्ड स्मगलर बनकर देश में आ रहे हैं।

मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने एक ही दिन में ३२ करोड़ रुपए कीमती ६१ किलो गोल्ड सहित सात नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिसमें २ महिलाएं हैं। कस्टम विभाग के मुताबिक ४ भारतीय यात्री तंजानिया से आए थे। उनके कपड़े में विशेष रूप से डिजाइन किए गए कमर बेल्ट की जेबों में सोना छिपाया हुआ था। चारों के पास से २८.१७ करोड़ रुपए कीमत का कुल ५३ किलोग्राम सोना बरामद किया गया। इस बेल्ट को संयुक्त अरब अमीरात में विशेष रूप से डिजाइन किया गया था। कस्टम की पूछताछ में तंजानिया से आए आरोपियों ने खुलासा किया कि ट्रांजिट समय के दौरान दोहा हवाई अड्डे पर सूडानी नागरिक ने ये बेल्ट सौंपी थी। कतर एयरवेज की उड़ान संख्या क्यूआर-५५६ में दोहा से आने वाले ४ भारतीय यात्रियों को रोका गया। पूछताछ करने पर पता चला कि वे सोने की छड़ें उनके शरीर पर एक विशेष रूप से डिजाइन की गई बेल्ट में छिपाई गई थी। हालांकि सूडानी नागरिक ने इनके साथ यात्रा नहीं की। चारों यात्रियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें १४ दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



# नई दिल्ली/ क्या आप भी कर रहे है ऑनलाइन शॉपिंग? महिला लिपिक को 1 लाख 17 हजार की ठगी...




**नई दिल्ली :** जैसा कि हम सब जानते है वर्तमान में इंटरनेट ने कई काम आसान कर दिए हैं। ऐसे में अब पूरी दुनिया ऑनलाइन हो रही है। शॉपिंग से लेकर खाना ऑर्डर करने तक का काम अब ऑनलाइन हो गया है। हालांकि, इसके न केवल फायदे हैं बल्कि कुछ नुकसान भी हैं। ऑनलाइन ठगी की घटनाएं दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। कुछ ऐसा ही हाल अब महाराष्ट्र के बीड से सामने आया है। जी हां बीड में यह बात सामने आई कि एक महिला बैंक क्लर्क के साथ ऑनलाइन रुपये की ठगी की गई। आपको बता दें कि अब इस संबंध में शिवाजी नगर पुलिस में मामला दर्ज किया गया है। ठगी गई महिला का नाम प्रियंका कुमारी नवनीत सत्यम है। वह बीड शहर के राजुरिवेस इलाके में एसबीआई बैंक में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। कुछ महीने पहले उसने ऑनलाइन शॉपिंग के लिए ऐप डाउनलोड किया था। इसी से उनके साथ धोखा हुआ।

ऐप के जरिए लगातार ऑनलाइन शॉपिंग करने का तोहफा मिला है। इस महिला से कहा गया कि आपको 4 हजार 999 रुपए की खरीदारी करनी है। प्रियंका सत्यम ने हामी भर दी और 5 हजार 79 रुपए का सामान खरीद लिया। यदि आप उपहार खरीदना चाहते हैं, तो आपके सामने वाले ने कहा कि यह जीएसटी की राशि है और आपको पैसे देने के लिए कहा।

# महाराष्ट्र के राज्यपाल से मिलीं जया बच्चन, की सुप्रिया सुले पर विवादित कमेंट करने वाले मंत्री की शिकायत

**मुंबई :** दिग्गज एक्ट्रेस और समाजवादी पार्टी की नेता जया बच्चन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के मुलाकात की. उनके साथ शिवसेना (उद्धव गुट), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अन्य नेताओं सहित महिला नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल था. जया समेत अन्य नेताओं ने राज्यपाल से महाराष्ट्र सरकार के कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार की शिकायत की. अब्दुल ने महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. जया ने मुलाकात के बाद कहा कि वह अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगी. जया बच्चन ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, ''आज हम राज्यपाल से मिले हैं और हम जल्द ही राष्ट्रपति से भी मिलेंगे. महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.



राजनेताओं सहित कोई भी व्यक्ति, जो महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करता है, उसे एक उदाहरण पेश करने के लिए बाहर कर देना चाहिए.'' सुप्रिया सुले की एक टिप्पणी का जवाब देते हुए कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार ने विवाद खड़ा कर दिया. सुप्रिया ने कहा था, ''सत्तार ने खुद कुछ दिन पहले कहा था कि विपक्ष भी खोखे(पैसे लेने) का लाभ उठा सकता है, क्योंकि बागी विधायकों पर ऐसा करने का आरोप लगाया गया था.'' इस पर अब्दुल सत्तार ने सुप्रिया के खिलाफ निंदनीय शब्दों का इस्तेमाल किया था.

**एनसीपी नेताओं का विरोध प्रदर्शन**


इसके बाद महाराष्ट्र के अलग-अलग हिस्सों में अब्दुल सत्तार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए. सत्तार को कैबिनेट से हटाने की मांग को लेकर शरद पवार की एनसीपी के कार्यकताओं ने नागपुर, पुणे, जलगांव, नासिक, अमरावती, जालना, लातूर, रत्नागिरी, बारामती और नंदुरबार में विरोध प्रदर्शन किया. नासिक में अब्दुल के पुतले को जूते से पीटा और उनके खिलाफ नारेबाजी की गई.

**अब्दुल सत्तार ने गलत किया: देवेंद्र फडणवीस**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली बालासाहेबंची शिवसेना के नेताओं ने सिल्लोड में एक रैली में कहा कि उन्होंने अपने बयान के लिए माफी मांगी थी. इस बीच, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विपक्ष पर अप्रत्यक्ष रूप से तंज कसते हुए कहा कि ''दोनों पक्षों को एक आचार संहिता का पालन करना चाहिए. अब्दुल सत्तार ने जो कहा वह गलत था और उनका बचाव नहीं किया जा सकता. हम इस तरह की भाषा के इस्तेमाल का हमेशा विरोध करेंगे.''

# 15 साल में 31 टेंडर पर नहीं बनी सड़क... क्योंकि 21 बार ठेकेदारों को रेट नहीं भाए, 8 बार विभाग को

**मसनगांव :** हरदा जिले की मसनगांव से हंडिया तक की 23 किमी सड़क की अजीब कहानी है। पिछले 15 साल में इसे बनाने के लिए 31 बार टेंडर किए गए लेकिन सड़क नहीं बन पाई। 17 बार एक भी निविदा नहीं डली और 4 बार ठेका लेने के बाद ठेकेदार अनुबंध करने नहीं आए। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि एस्टीमेट में जो रेट थे, वह ठेकेदार को पसंद नहीं आए। 8 बार ठेकेदारों ने जो रेट डाले उन पर विभाग नहीं माना, जिसके कारण टेंडर निरस्त होते रहे। 2 बार काम शुरू भी हुआ



लेकिन घटिया निर्माण के चलते ठेकेदारों को हटाना पड़ा।

15 साल में सड़क की लागत 7.84 से बढ़कर 98 करोड़ पहुंच गई है। फिर प्रस्ताव बना कर शासन को इस उम्मीद से भेजा गया है कि अबकी बार शायद 25 से ज्यादा गांवों के लोगों की परेशानी हल हो जाएगी। सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव के दौरान स्टेट हाइवे पर धरना दिया। स्टेट हाइवे भी जाम किया लेकिन सड़क नहीं बन पाई। उधर, हरदा विधायक एवं कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि एक माह में विभागीय प्रक्रिया पूरी करा ली जाएगी। जल्द ही निर्माण शुरू हो जाएगा।

**2 बार घटिया होने से निर्माण कार्य रोका**

पहली बार 21 दिसंबर 2007 को सड़क निर्माण मंजूर हुआ। ठेकेदार ने काम शुरू किया। एक साल तक विवादों के बीच निर्माण चला। 5 करोड़ 79 लाख का भुगतान भी हुआ। इस बीच गंगला, डोमनमऊ, छिड़गांव के ग्रामीणों ने घटिया निर्माण का आरोप लगा कर विरोध किया। जांच चली और ठेकेदार को हटा दिया। फिर ठेकेदार की रिस्क एंड कास्ट पर टेंडर बुलाए गए। विवादों की वजह से 12 बार कोई निविदा नहीं डली। 13वां टेंडर एक ठेकेदार ने 175 प्रतिशत रेट पर डाला, मंजूर नहीं हुआ।

# एमडी पाउडर का नशा करते हुए युवक को किया गिरफ्तार

**महाराष्ट्र :** सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एमडी पाउडर से नशा करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है। सिटी कोतवाली थाने के टीआइ राकेश गौर ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदौर रोड पर ग्राम अतरसमा के पास एक व्यक्ति एमडी पाउडर का नशा कर रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अतरसमा निवासी ओम जाट (32 वर्ष) को पकड़ा। जिसके कब्जे से एल्युमीनियम फाइल, रजनीगंधा पाउच एवं पाउडर जब्त किया है। आरोपित ने पुलिस को बताया कि उसके द्वारा शौक-शौक में इस नशे की शुरूआत की गई थी, बाद में लत पड़ गई। आरोपित ने पुलिस को बताया कि एमडी पाउडर प्रति ग्राम 1500 से 2000 रुपये का



मिलता है। जिससे उसकी आर्थिक स्थिति बिगड़ने लगी। साथ ही वह चलने फिरने में भी असमर्थ हो गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ 8/27एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सिटी कोतवाली थाने के टीआइ गौर ने बताया कि आरोपित के मोबाइल फोन की काल डिटेल्स और इंटरनेट मीडिया एप की जानकारी एकत्रित कर नशे का व्यापार करने वाले लोगों की जानकारी निकाली जा रही है।

# हजारों करोड़ के घोटाले में फंसी क्यूनेट के दो अपलाइनर पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**इंदौर :** पांच हजार करोड़ से ज्यादा के घोटाले में फंसी कथित मल्टीलेवल मार्केटिंग (एमएलएम) कंपनी क्यूनेट के दो अपलाइनर पर एमआइजी पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। इन पर उच्च शिक्षित युवती से इंटरनेशनल बिजनेस प्रोजेक्ट का झांसा देकर लाखों रुपये ठगने का आरोप है। क्यूनेट पर देशभर में प्रकरण दर्ज हैं। फिल्मी और क्रिकेट हस्तियां भी फंसी हुई हैं।

टीआइ अजय वर्मा के




मुताबिक नेहरू नगर निवासी 29 वर्षीय युवती से आरोपित मिथिलेश साहू और आलोक रत्न की पिछले साल जून में फेसबुक पर दोस्ती हुई थी। दोनों आरोपितों ने क्यूनेट कंपनी के इंटरनेशनल बिजनेस प्रोजेक्ट के संबंध में लुभावनी बातें की और किस्तों में दो लाख 80 हजार रुपये जमा करवा लिए। कुछ दिन बाद युवती को कोरियर से चायरोस सिग्नेचर और मुग्नियर सैंपर ब्रांड की घड़ियां भेजीं। कोरियर और ई-मेल पर क्यूनेट का मोनो देख युवती चौंकी। आरोपितों ने संपर्क करना भी छोड़ दिया। युवती ने पीएमओ, सीएमओ, ईओडब्ल्यू और डीजीपी को शिकायत दर्ज करवाई। हाईप्रोफाइल मामले की उच्चस्तरीय जांच बैठी और शनिवार रात आरोपित मिथिलेश व आलोक के खिलाफ केस दर्ज किया गया।


# हरदा/बगैर हेलमेट के पंप पहुंचे तो नहीं दिया जाएगा पेट्रोल

**महाराष्ट्र :** पेट्रोल के लिए बगैर हेलमेट आए वाहन चालकों के चालान कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। बगैर हेलमेट पेट्रोल के लिए आने वाले वाहन चालकों को नियमित रूप से हेलमेट लगाना पड़ेगा। हेलमेट से वाहन चालकों और उनके परिजनों की ही सुरक्षा होती है। घर से अगर बाजार या खेत पर भी जा रहे हैं तो हेलमेट लगाकर ही जाएं। हेलमेट नहीं पहनने वालों के खिलाफ जिले भर में एक बार फिर से सख्ती शुरू की जाएगी। निजी और सरकारी कार्यालयों के अलावा स्कूल और कालेजों में प्रवेश उन्हीं को




मिलेगा, जो हेलमेट लगाकर आएंगे। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने निर्देश जारी किए हैं। पेट्रोल पंप संचालकों के लिए भी अनिवार्य किया जाए कि वह सिर्फ हेलमेट पहने हुए वाहन चालकों को ही पेट्रोल दें। इसके लिए बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार करें।

डायल 100 वाहनों से भी लोगों को हेलमेट लगाने के बारे में जागरूक करें। दो पहिया वाहनों के शोरूम, होटल, रेस्टोरेंट और शराब की दुकानों पर भी उद्घोषणा की जाए। जानकारी के अनुसार हेलमेट लगाने, यातायात नियमों का पालन कराने, नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता के लिए कॉलेज विद्यार्थियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों के लिए शिविरों का आयोजन कराया गया। जागरूकता के लिए लगाया शिविर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार अग्रवाल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश्वरी महोबिया के



## मुंबई में मोहब्बत, दिल्ली में लिव इन और 35 टुकड़े...

# रूह कंपा देगा श्रद्धा के इश्क का अंजाम





**दिल्ली :** देश की राजधानी दिल्ली से युवती की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दिल्ली निवासी आफताब अमीन पूनावाला नाम के युवक ने अपनी प्रेमिका श्रद्धा वाकर का बेरहमी से कत्ल किया और उसके बाद उसके शव के 35 टुकड़े कर दिए। आरोपी ने टुकड़ों को रोजाना रात में दिल्ली की कई जगहों पर ठिकाने लगाए। दरअसल, आफताब और श्रद्धा की लव स्टोरी मुंबई में शुरू हुई। आफताब और श्रद्धा की दोस्ती मुंबई में एक कॉल सेंटर में काम के दौरान हुई थी। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। जब युवती के परिजनों को दोनों के प्यार के बारे में पता चला तो परिजनों ने विरोध किया। विरोध के बाद दोनों ने मुंबई छोड़ दिल्ली में रहने का प्लान बनाया और वहां से आ गए। हालांकि युवती के परिजन उससे सोशल मीडिया से जुड़े थे। सोशल मीडिया के जरिए ही उसका हाल-चाल लेते रहते थे।

जानकारी के अनुसार, विकास मदान वाकर (59) ने आठ नम्वबर को अपनी बेटी के अपहरण का मामला दिल्ली के महरौली थाने में दर्ज कराया था। उन्होंने पुलिस को जानकारी दी कि वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के पालघर में रहते हैं। उनकी 26 साल की बेटी श्रद्धा मुंबई के मलाड में एक कॉल सेंटर में काम करती थी। यहां श्रद्धा और आफताब की मुलाकात हुई। दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों लिव-इन में रहने लगे। जब दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी परिजनों को लगी तो उन्होंने विरोध किया। इसके बाद दोनों अचानक मुंबई छोड़ दिल्ली में आकर रहने लगे। सोशल मीडिया से बेटी से जुड़े होने की वजह से पता चला कि दोनों दिल्ली के महरौली के छतरपुर में रहने लगे। मई के बाद बेटी से संपर्क नहीं हुआ। इस पर परिजन चिंतित हो गए। आठ नवंबर को परिजन सीधे दिल्ली के छतरपुर में उस जगह पहुंचे जहां बेटी किराये के फ्लैट में रहती थी। लेकिन फ्लैट में ताला लगा मिला। विकास यहां से सीधे महरौली थाने में शिकायत दर्ज कराई। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से दिल्ली पुलिस आफताब की तलाश में जुट गई। जिसके बाद एक गुप्त सूचना के आधार पर आफताब को धर दबोचा। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि श्रद्धा उसपर लगातार शादी का दबाव बना रही थी, जिसको लेकर उनके बीच में अक्सर झगड़ा होना शुरू हो गया। उसने मई में बेरहमी से उसकी हत्या कर डाली और शव के टुकड़े कर अलग-अलग जगह पर जंगल में फेंक दिए।

# NCP विधायक जितेंद्र आव्हाड ने लिया पद से इस्तीफा देने का फैसला...

**ठाणे :** NCP विधायक जितेंद्र आव्हाड ने ट्वीट किया है कि वह विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। इस ट्वीट को लेकर सियासी चचाएं शुरू हो गई हैं। बता दें कि जितेंद्र आव्हाड ने पुलिस पर कई आरोप लगाए हैं। उन्होंने ट्वीट करते हुए यह भी आरोप लगाया है कि पुलिस ने 72 घंटे के अंदर उनके खिलाफ दो 'झूठे' मामले दर्ज किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 'यह लोकतंत्र की हत्या है'। जितेंद्र ने यह कहते हुए आक्रामक रुख अपनाया है कि 'वह अपने ऊपर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ लड़ेंगे'। इस बीच, आव्हाड के खिलाफ 'छेड़छाड़' का मामला दर्ज होने के बाद एनसीपी कार्यकर्ता आक्रामक हो गए। उन्होंने


Dr.Jitendra Awhad
@Awhadspeaks
पोलीसांनी माझ्या विरुद्ध ७२ तासात २ खोटा गुन्हा दाखल केला आणि तोही ३५४ ...
मी ह्या पोलिसी आत्याचारा विरुद्ध लढणार ... मी माझ्या आमदारकीचा राजीनामा देण्याचा निर्णय घेतो आहे... लोकशाहीची हत्या .. उघड्या डोळ्यांनी नाही बघू शकत

मुंब्रा पुलिस स्टेशन के बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया। NCP विधायक जितेंद्र आव्हाड ने ट्वीट करते हुए लिखा- 'मैं अपने विधायक से इस्तीफा देने का फैसला कर रहा हूं'। एनसीपी विधायक ने पुलिस पर 72 घंटे के भीतर उनके खिलाफ दो 'झूठे मामले' दर्ज करने का आरोप लगाया है। साथ ही जितेंद्र आव्हाड ने एक ट्वीट में कहा है कि 'लोकतंत्र की हत्या को नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता है।'

# ठाणे में 13 स्वास्थ्य केंद्रों सहित 10219 स्कूल तंबाकू मुक्त



**ठाणे :** ठाणे जिले में सरकारी संस्थानों और स्कूल परिसरों में तंबाकू उत्पाद बड़ी मात्रा में बेचे जा रहे हैं। यह तंबाकू उत्पादों के संपर्क में आने के कारण शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए और अधिक गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए, तंबाकू मुक्त स्कूल पहल महाराष्ट्र सरकार के स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग और सलाम फाउंडेशन मुंबई के सहयोग से शुरू की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इस पहल से ठाणे जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 1 हजार 219 स्कूल और 13 स्वास्थ्य संस्थान तंबाकू मुक्त हो गए हैं।

भारत जैसे विकासशील देश में अधिकांश आबादी गरीबी रेखा के नीचे है। अम्लीय पदार्थों के सेवन के कारण कई लोगों को रोजाना अपनी जान गंवानी पड़ती है.देश की भावी पीढ़ी शिक्षा प्राप्त कर रही है, जबकि शिक्षक देश की भावी पीढ़ी को शिक्षित बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं विद्यार्थियों को धूम्रपान और शराब पीने की आदत से दूर रखने का प्रयास कर रहे है। तंबाकूमुक्त इस पहल के तहत, प्रत्येक स्कूल परिसर में तीन जागरूकता बैनर लगाए जा रहे हैं और जो स्कूल तंबाकू स्वतंत्रता के 11 मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें तंबाकू मुक्त घोषित किया जाता है। ठाणे जिले के शहरी क्षेत्रों के स्कूलों के साथ-साथ जिला परिषद के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों को सलाम मुंबई फाउंडेशन के ऐप पर पंजीकृत किया गया है।

मिली जानकारी अनुसार तंबाकू मुक्त विद्यालयों में शहरी क्षेत्रों के 428 विद्यालय और ठाणे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के 791 विद्यालय शामिल हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जिला सामान्य अस्पताल के अंतर्गत आने वाले 13 स्वास्थ्य संस्थान भी तंबाकू मुक्त हो गए हैं।

# 417 करोड़ रुपये की 40सड़कों का भूमि पूजन...!

## कल्याण-डोंबिवली के नागरिकों को मिलेंगी उच्च गुणवत्ता वाली पक्की सड़कें

**डोंबिवली :** मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के माध्यम से डोंबिवली टक्क्ठ आवासीय क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण और सुधार कार्य शुरू किया गया है। इस परियोजना के तहत मिलाप नगर आवासीय क्षेत्र में पक्की सड़क, सुदामा नगर आवासीय क्षेत्र में पक्की सड़क, सुदर्शन नगर आवासीय क्षेत्र में पक्की सड़क शामिल की जाएगी। सड़कों, चेम्बर यूटिलिटी डक्ट्स के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ मौजूदा बॉक्स पुलियों, नालियों, फुटपाथों आदि के स्थान पर नए आरसीसी बॉक्स पुलियों का निर्माण और विस्तार किया जाएगा। मानसून के दौरान गजानन चौक से नांदीवली नाला मार्ग पर समर्थ चौक, रामकृष्ण बाजार क्षेत्र में भारी जल जमाव के कारण नागरिकों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इसके समाधान के



लिए 5 मीटर चौड़ा 300 मीटर लंबा बॉक्स ड्रेन बनाया जाएगा। लिहाजा भविष्य में मानसून के दौरान इस क्षेत्र में पानी जमा नहीं होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा की, ''हमने मुंबई महानगरीय क्षेत्र में सड़क विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है, क्योंकि अच्छी सड़कों से शहरों का विकास होता है। इसके तहत, हम नागरिकों को अच्छी सड़कें प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। MTHL द्वारा शुरू की गई MTHL परियोजना आधुनिक तकनीक का उपयोग करके बनाई जा रही है।

सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा की ''कल्याण डोंबिवली शहर के विकास के लिए आज एक नई शुरूआत हुई है, जिसमें 445 करोड़ रुपये की सड़कों का शिलान्यास किया गया है। ऐरोली कटाई नाका परियोजना का पहला चरण पूरा हो जाएगा और जल्द ही इसे यातायात के लिए खोल दिया जाएगा, जिससे नागरिक नवी मुंबई पहुंच सकेंगे। भा.प्र.से. महानगर आयुक्त एस. वी. आर. श्रीनिवास ने कहा, ''एमएमआरडीए की ओर से किए गए इन कार्यों के माध्यम से हम समय पर नागरिकों के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली सड़कों को पूरा करना चाहते हैं।

# नागपुर में खेल रहे 5 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत, परिवार में मातम



**नागपुर :** संतरा नगरी के नाम से मशहूर नागपुर से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। यहां एक पांच साल के बच्चे की खेलते समय जान चली गई। नागपुर में खेलते समय गेट का नट निकलने से एक छोटे से बच्चे की जान चली गयी। मिली हुई जानकारी के अनुसार, घटना कलमाना थाना क्षेत्र की है। इस पांच साल के बच्चे का नाम रियांश टांगले है। रियांश घर के आंगन में स्लाइडिंग गेट पर खेल रहा था। गेट पर झूलते समय गेट का लोहे का नट अचानक निकल गया। इससे गेट गिरने से रियांश गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, अस्पताल में जाने से पहले ही रियांश की मौत हो गयी। मेयो अस्पताल में भर्ती कराने पर डॉक्टरों ने रियांश को मृत घोषित कर दिया। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से टांगले परिवार को बड़ा झटका लगा है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com